क.रा.बी.नि.
E.S.I.C

કર્મચારી રાજ્ય વીમા નિગમ
(શ્રમ અને રોજગાર મંત્રાલય, ભારત સરકાર)
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
Email : ms-ankleshwar.gj@esic.nic.in

सत्यमेव जयते

ક.રા.બી.નિ હોસ્પિટલ, અંકલેશ્વર,
પ્લોટ નં.H3012, 500 ક્વાર્ટર પાસે,
અંકલેશ્વર, જિ. ભરૂચ
क.रा.बी. निगम अस्पताल, प्लाट स. H3012,
500 क्वाटर के पास, अंकलेश्वर, जो.भरूच
ESIC Hospital, Plot No. H3012, Nr. 500 Quarters, Ankleshwar, Dist. Bharuch
Website : www.esic.gov.in

क. रा. बी. निगम अस्पताल अंकलेश्वर
क. रा. बी. निगम 75वां स्थापना दिवस – विशेष सेवा पखवाड़ा
रिपोर्ट दिनांक: 02/03/2026

1. आयुर्वेद स्वास्थ्य जागरूकता एवं योग शिविर का आयोजन :

दिनांक 02/03/2026 को Lyca Laboratories में आयुर्वेद स्वास्थ्य जागरूकता एवं योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों के बीच आयुर्वेदिक पद्धति, स्वस्थ जीवनशैली तथा योग के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम के दौरान कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल, अंकलेश्वर के आयुर्वेद विभाग से डॉ. मिश्रा द्वारा कर्मचारियों को आयुर्वेद के सिद्धांतों, उसके स्वास्थ्य लाभों तथा छोटी-बड़ी बीमारियों की रोकथाम और उपचार में उपयोगी आयुर्वेदिक घरेलू उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद प्राकृतिक एवं संतुलित जीवनशैली को अपनाकर स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इसके पश्चात योग प्रशिक्षक विपुल सर द्वारा विभिन्न योगासन का प्रदर्शन किया गया तथा नियमित योगाभ्यास से शरीर को स्वस्थ, सक्रिय एवं मानसिक रूप से संतुलित रखने के महत्व को समझाया गया। कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया और योग के लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के अंत में Lyca Laboratories की टीम ने ESIC अस्पताल द्वारा आयोजित इस जागरूकता पहल की सराहना की तथा इस उपयोगी एवं जानकारीपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

<u>2. आंतरिक (संस्थान में) स्वास्थ्य जांच शिविर</u>

स्थान: अस्पताल परिसर, ओपीडी, क.रा. बी. निगम अस्पताल,अंकलेश्वर (दिनांक : 02/03/2026)

विशेष सेवा पखवाड़े के दौरान 40 वर्ष से अधिक आयु के बीमित व्यक्तियों (IP) के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन मुख्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है।

Employees' State Insurance Corporation
FOUNDATION DAY
Nationwide Health Check-up Camp for Workers Aged 40 & Above
Strengthening Care Under the New Labour Codes
Committed to Worker' Welfare, Social Security & Nation-Building

Employees' State Insurance Corporation
FOUNDATION DAY
Nationwide Health Check-up Camp for Workers Aged 40 & Above
Strengthening Care Under the New Labour Codes